8. सर्वनाम

संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम का प्रयोग किया जाता है। सर्वनाम संज्ञा की जगह आकर इनके बारंबार प्रयोग से भाषा को बचाते हैं।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका सर्वनाम की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ बच्चों से कुछ सर्वनामों के बारे में पूछें।
- ❖ पाठ पृष्ठ 49-50 पर दिए गद्यांश को बच्चों से पढ़वाएँ। बच्चों से दोनों गद्यांशों का अंतर बताने को कहें। फिर उन्हें सर्वनामों की आवश्यकता तथा महत्त्व समझाएँ।
- ❖ सर्वनामों के भेद बच्चों से जानें तदुपरांत स्वयं उन्हें बताएँ।
- ❖ सर्वनाम के छहों भेदों के बारे में विस्तार से बताएँ।
- ❖ पुरुषवाचक सर्वनाम के तीनों भेदों– उत्तम, मध्यम तथा अन्य पुरुष के बारे में बातचीत के माध्यम से समझाएँ। इसके लिए कक्षा के दो छात्र-छात्रा को खड़ा करके उनकी बातचीत को आधार बनाया जा सकता है जिसमें एक बोलने वाला, दूसरा सुनने वाला हो तथा तीसरा यानी अन्य पुरुष वह जिसके बारे में बात की जा रही हो।
- ❖ सर्वनाम के भेदों की परिभाषा याद करवाएँ तथा उदाहरणों द्वारा सभी भेद समझाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान रखें। 'आपने सीखा' द्वारा पाठ के मुख्य बिंदुओं की दोहराई करवाएँ।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथासंभव सहायता करें।